प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 02.07.2021 जनपद देवरिया।

पुलिस अधीक्षक देवरिया द्वारा शुक्रवार परेड की ली गयी सलामी,

प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों से परेड में मिलवाये गये कदम से कदम,

यूपी डायल 112 वाहनों का किया निरीक्षण, दिये उचित दिशा निर्देश,

प्रभारी निरीक्षकों/थानाध्यक्षों के साथ की गयी गोष्ठी, थाने पर आने वाले फरियादियों से करें अच्छा व्यवहार, प्रर्थाना पत्रों का गुणवत्ता पूर्ण करें निस्तारणःएसपी

आज दिनांक 02.07.2021 को पुलिस अधीक्षक देवरिया डा0 श्रीपति मिश्र द्वारा शुक्रवार परेड की सलामी लेते हुए परेड का निरीक्षण किया गया, जहॉ परेड में उपस्थित समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, यातायात पुलिस, पुलिस लाईन पुलिस फोर्स, फायर सर्विस, पुलिस कार्यालय एवं आर0टी0सी0 रीक्रूट महिला आरक्षियों के टर्न आउट को चेक किया गया। परेड की प्रथम पाली की शुरूआत किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक देवरिया द्वारा प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों की टोली का स्वयं नेतृत्व करते हुए उन्हें कमाण्ड देते हुए परेड कराया गया। डॉग स्कावयड की डॉग रानी के हैण्डलर सत्यप्रकाश व रामानन्द से रानी द्वारा सर्च ऑपरेशन में किये जाने वाले कार्यों का निरीक्षण किया गया, जिसके संबन्ध में एक रूमाल को छिपा दिया गया, जिसकी गन्ध से डॉग रानी द्वारा उसे आसानी से खोज दिया गया। तत्पश्चात यूपी डायल 112 के चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों का निरीक्षण किया गया, जहां संबन्धित से पूँछ-तॉछ करते हुए उचित दिशा निर्देश दिये गये। तदुपरान्त पुलिस अधीक्षक देवरिया द्वारा प्रेक्षा गृह में समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष के साथ बैठक करते हुए अपराध एवं अपराधियों पर रोकथाम, ऑपरेशन तमंचा आदि के संबन्ध में प्रभावी कार्यवाही करने तथा थाने पर आने वाले फरियादियों के साथ अच्छा व्यवहार रखते हुए मानवीय संवेदना अपने सहृदय में व्याप्त करते हुए उनकी समस्याओं को सुनने तथा मधुर संवाद स्थापित किये जाने, जिससे फरियादी अपनी समस्या को बेहिचक उन्हें बताये और उनकी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये जाने के संबन्ध में उचित दिशा निर्देश दिये गये।